तेरी बिगड़ी बना देगी चरण रज राधा प्यारी की

तेरी बिगड़ी बना देगी चरण रज राधा प्यारी की ।

तू बस एक बार श्रद्धा से लगा कर देख मस्तक पर,
सोयी किस्मत जगा देगी, चरण रज राधा प्यारी की ।

दुखो के घोर बादल हों या लाखों आंधियां आयें,
तुझे सबसे बचा लेगी, चरण रज राधा प्यारी की ।

तेरे जीवन के अन्धिआरो में बन के रोशन तुझको,
नया रास्ता दिखा देगी, चरण रज राधा प्यारी की ।

भरोसा है अगर सच्चा, उठा कर फर्श से तुझको,
तुझे यह अर्शो पर बिठा देगी, चरण रज राधा प्यारी की ।

लिखे महिमा चरण रज की नहीं है ‘दास’ की हस्ती,
तुझे दासी बना लेगी चरण रज राधा प्यारी की ।

कवि : अशोक शर्मा दास
स्वर : कृष्ण दास भूटानी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/256/title/teri-bigdi-bana-degi-charan-raj-radha-pyari-ki

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |